तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री से.
न्यूनतम 32.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 29 जून 2026

बीएलओ का सहयोग करें व जरूरी दस्तावेज.... 10



शिक्षा और चिकित्सा सेवाएं सामाजिक परिवेश की... 10



# गांव चंदाना से बिधराना तक नौ करोड़ रुपये की लागत से बनेगी नई माइनर

## प्रदेश सरकार किसान, मजदूर, गरीब और आमजन के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही : बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान, मजदूर, गरीब और आमजन के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गांवों में मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। आज ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं प्रदेश स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव बिधराना के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बूथ नंबर 167-168 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 135वां एपिसोड सुना। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कार्यक्रम के दौरान पंचायती विभाग के अंतर्गत 85 लाख रुपये की लागत से बनने वाले ग्राम सचिवालय भवन का शिलान्यास किया। इसके साथ ही लगभग 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित गांव की तीन नई गलियों का उद्घाटन भी किया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने क्षेत्र के किसानों को भी बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि चंदाना से बिधराना तक लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से नया माइनर बनाया जाएगी। इस परियोजना की विभागीय औपचारिकताएं अंतिम चरण में हैं तथा शीघ्र ही इसका टेंडर जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस माइनर के बनने से गांव नरवलगढ़, बाता, खरक पांडवा, शिमला, पिंजूपुरा, बिधराना सहित करीब आधा दर्जन गांवों के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी। क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे उन्होंने स्वयं विधानसभा में प्रमुखता से उठाया था। इसकी मंजूरी के लिए कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री का भी आभार जताया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शिक्षा के क्षेत्र में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली गांव बिधराना की बेटियों की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी गांव में शिक्षा सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। कार्यक्रम में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का ग्राम वासियों ने फूल माला, पगड़ी, स्मृति चिन्ह देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।



नरवाना। बिधराना में गलियों का उद्घाटन करते मंत्री बेदी। *फोटो :हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर चेयरमैन मार्केट कमेटी अमित ढाकल, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सरपंच हथो, सत्यवान शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति, प्रधान गोस्वामी समाज जींद विक्रम गोस्वामी, सरपंच बिधराना बीरबल दास, एसडीओ पंचायती राज भूपेंद्र कुमार, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसबीर नैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## गांव की गलियों में चोरी के ही वाहन करते थे प्रयोग

# दिन में रेकी के बाद रात को देते थे पशु चोरी की वारदात को अंजाम

### तीनों ने सबसे ज्यादा पानीपत जिले में चोरी की घटनाओं को दिया अंजाम

**फुरकान उर्फ मिर्ची इस गिरोह का सरगना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पुलिस मुठभेड़ में काबू किए गए तीनों आरोपित फुरकान उर्फ मिर्ची, कामिल व सोहेल तीनों दिन के समय पशु चोरी करने से पहले रैकी करते थे। दिनभर यह तीनों अलग-अलग गांवों में घूमते और पशु चोरी के लिए सबसे सेफ रास्ता व स्थान तय कर लेते थे। तीनों पशु चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले वाहन भी चोरी कर लेते। पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपितों ने इस बात का खुलासा किया है। तीनों ने सबसे ज्यादा पानीपत जिले में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। हालांकि उत्तर प्रदेश में भी तीनों के खिलाफ काफी मामले दर्ज हैं। फिलहाल इसकी जानकारी जींद पुलिस को नहीं मिल पाई है।

उत्तर प्रदेश के शामली जिले के गांव अकबरपुर सुनहेटी निवासी फुरकान उर्फ मिर्ची इस गिरोह का सरगना है। उसके खिलाफ पानीपत में दस, जींद में छह, हिसार व फतेहाबाद में भी मामले दर्ज हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में भी काफी मामले दर्ज हैं। पुलिस फिलहाल 30 के आसपास मामलों का पता लगा पाई है। वहीं शामली जिले के गांव पथेड़ निवासी कामिल पर भी पानीपत में दो मामले दर्ज हैं। छह मामले जींद में दर्ज हैं। इनमें से सभी पशु चोरी, वाहन चोरी के मामले हैं। तीसरे आरोपित शामली जिले के ही कैराना निवासी सोहेल भी इनके ही गिरोह में काम करता है। पुलिस के अनुसार सोहेल पर भी अनेक मामले दर्ज हैं। तीनों आरोपित पिछले कई सालों से यह काम करते हैं। पुलिस का कहना है कि इनके कुछ और भी साथी हो सकते हैंए जिनका जल्द ही पता लगाया जाएगा। फिलहाल तीनों अस्पताल में दाखिल हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद इनको रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।







### तीस से ज्यादा मामले दर्ज

डिटेक्टिव स्टाफ प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि इनमें से फुरकान उर्फ मिर्ची इनका मुख्य सरगना है। इसके खिलाफ 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस से तीनों पर दर्ज अन्य मामलों के बारे में जानकारी मांगी गई है। फिलहाल आरोपितों के बारे में जींद में छह मामले सामने आए हैं। पानीपत में दस, हिसार व फतेहाबाद में भी एक-एक मामला सामने आया है। उत्तरप्रदेश पुलिस ने फिलहाल सात मामलों के बारे में बताया है।

### पशुबाड़ों पर रहती थी नजर

तीनों आरोपित पशु चोरी करने से पहले अलग-अलग गांवों में सुबह निकल जाते थे। दिनभर गांवों में घूमते रहते थे और पशु खरीददार बनने का नाटक करते थे। इसी बहाने वह पशुबाड़ों की जांच व पड़ताल करते थे। साथ ही पशु चोरी करके भागने का रास्ता भी पहले ही देख लेते थे। वह ऐसे पशुबाड़ों को निशाना बनाते थे, जहां से पशु चोरी करके भागना आसान हो। इसलिए वह गांव के बाहरी क्षेत्र या फिर खेतों में बने पशुबाड़ों को ज्यादातर निशाना बनाते थे। पूरी योजना तैयार करने के बाद यह लोग कोई वाहन चोरी करते थेए ताकि पशु चोरी करके वाहन के माध्यम से भागा जा सके। चोरी का वाहन इसलिए प्रयोग करते थे ताकि कहीं पकड़ में आ जाएं तो वाहन को छोड़कर फरार होने में कामयाब रहें।

# मुनाफे का झांसा देकर 2.50 करोड़ ठगी के आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शेयर मार्केट में निवेश पर भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करीब 2.50 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा 2 आरोपियों को काबू कर लिया जानकारी देते बताया कि कैथल निवासी सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के एक कर्मचारी की शिकायत अनुसार उन्होंने फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश से संबंधित विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए लिंक के माध्यम से वह व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए, जहां स्वयं को निवेश सलाहकार बताने वाले लोगों ने उन्हें अधिक लाभ का लालच दिया। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को एसबीआई सिक्योरिटीज के नाम से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट पर वर्चुअल वॉलेट बनवाया व वीडियो केवाईसी कराकर विश्वास में ले लिया। शुरुआत में 1 सितंबर 2025 को शिकायतकर्ता से 50 हजार निवेश करवाए तथा विश्वास कायम रखने के लिए 1000 रुपये वापस खाते में भेज दिए गए। इसके बाद लगातार अधिक लाभ का झांसा देकर विभिन्न बैंक खातों में चरणबद्ध तरीके से करोड़ो रूपये जमा करवाए गए। आरोपियों द्वारा फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर शिकायतकर्ता के वर्चुअल वॉलेट में करोड़ों का काल्पनिक लाभ दर्शाया जाता रहा, जिससे शिकायतकर्ता लगातार निवेश करता रहा। बाद में जब शिकायतकर्ता ने राशि निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने फर्जी एसबीआई सिक्योरिटीज की रसीद भेजकर कमीशन के नाम पर भी लाखों रुपये जमा करवा लिए।



कैथल। साइबर ठगी मामले में तीनो आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### दो आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजे

इसके बावजूद रकम वापस नहीं मिली। बैंक से जानकारी लेने पर शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से शिकायतकर्ता से अलग-अलग तिथियों में कुल 2,50,51,597 रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करवाकर साइबर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। शिकायत के आधार पर साइबर अपराध पुलिस स्टेशन कैथल में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच थाना साइबर क्राइम एसएचओ एसआई रणदीप सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव मीरपुर कोनिया जिला बहराइच (उत्तर प्रदेश) निवासी संजय कुमार व सतरोहन कुमार तथा गांव अम्बापुर जिला बहराइच यूपी निवासी दलीप को काबू कर लिया गया। उक्त साइबर ठगी में आरोपी संजय व सतरोहन का बैंक खाता इस्तेमाल हुआ है। जों बैंक खाता आरोपी दलीप ने दोनों आरोपियों से लेकर कमीशन की एवज में आगे अन्य आरोपियों को उपलब्ध करवाया था। आरोपी दलीप का व्यापक पूछताछ के लिए न्यायालय से 5 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया है, जबकि शेष दोनों आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



पूंडरी। मन की बात कार्यक्रम में भाग लेते विधायक सतपाल जांबा।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहा विकास : सतपाल

**पूंडरी।** हलका विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भारत आज विश्व शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मजबूत नीतियों के कारण संभव हो रहा है। विधायक जांबा रविवार को पूंडरी नगर पालिका के वाइस चेयरमैन राम प्रसाद के निवास पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम /"मन की बात/" को सुनने पहुंचे थे। इस दौरान विधायक जांबा के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया । विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय था। उस समय लोकतंत्र सेनानियों ने जो संघर्ष किया, उसे देश कभी नहीं भूल सकता है।

## 1.80 लाख साइबर ठगी के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम जींद पुलिस ने क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड प्वायंट और लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर एक लाख 80 हजार की ऑनलाइन ठगी करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से ठगी की राशि बरामद कर ली है। थाना साइबर क्राइम जींद के प्रभारी उप निरीक्षक जगदीप सिंह ने रविवार को बताया कि पटियाला चौक निवासी नवीन ने शिकायत में बताया कि 10 मार्च 2026 को उसके पास बैंक का कर्मचारी बताने वाले व्यक्ति का फोन आया और क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने तथा रिवॉर्ड प्वायंट को नकद में बदलने का लालच देकर व्हाट्सअप के माध्यम से एक लिंक भेजा था।

# सुबह गर्मी ने किया बेहाल, पारा पहुंचा 40 डिग्री

- शहर के पॉश इलाके में भी घंटों चला अघोषित कटों का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

शहर में शनिवार रात अघोषित कटों ने आमजन को बेहाल करके रख दिया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई बार बिजली की आवाजाही होती रही। जिससे लोगों की पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ी। शनिवार रात को ओम नगर, कृष्णा कॉलोनी, अर्बन एस्टेट, पटेल नगर, श्याम नगर, संत नगर, न्यू जवाहर नगर, राम कॉलोनी में एक-एक घंटे बाद बिजली के कट लगे। कई कॉलोनियों में तो वोल्टेज बेहद कम थी। जिसके कारण बिजली के उपकरण भी नहीं चल पा रहे थे। निगम सर्कल के पास 500 से ज्यादा शिकायत दर्ज करवाई गई। बिजली गुल होने से बच्चोंए बुजुर्गों और बीमार लोगों को उठानी पड़ी। उमस भरी गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से घरों में लगे कूलर और पंखे बंद हो गए। जिससे लोगों को रातभर राहत नहीं मिल सकी। स्थिति यह रही कि शहर के पॉश इलाकों में भी घंटों तक बिजली बाधित रही। जिन क्षेत्रों में सामान्य दिनों में बेहतर आपूर्ति रहती थी, वहां भी अघोषित कट लगने से लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई कॉलोनियों में देर रात तक लोग घरों के बाहर टहलते रहे। क्योंकि बिजली नहीं होने के कारण घरों के अंदर गर्मी और उमस असहनीय हो गई थी। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत दर्ज करने के बाद भी केवल तकनीकी खराबी का हवाला दिया जाता है, जबकि कटों की समस्या रोजाना बनी हुई है।



जींद। धान की रोपाई करते प्रवासी मजदूर। *फोटो :हरिभूमि*

## 16 सिख रेजीमेंट के सैनिकों ने पूर्व सैनिकों के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

# पूर्व सैनिक सूबेदार स्वर्ण सिंह पंच तत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

16 सिख रेजीमेंट की वीर बहादुर योद्धा पूर्व सैनिक सुबेदार स्वर्ण सिंह जो की विदेश यात्रा पर पुत्रों के पास यूके व इंग्लैंड में गए हुए थे। इंग्लैंड में अपने पुत्र के पास 20 जून को प्रातः 10:00 बजे 69 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली और वो हम से विदा हो कर चले गए। इसकी सूचना पाकर 16 सिख रेजीमेंट से सूबेदार कवल जीत सिंह साहब के नेतृत्व में उनके पेरेंट्स युनिट के सैनिक पहुंचे और स्टेशन हेडक्वार्टर अंबाला कैंट से भी तिरंगा लेकर सुबेदार एस के पठानिया भी टीम के साथ पहुंचे। उनका पार्थिव शरीर रविवार को पैतृक गांव डेरा गोविंदपुरा कांगथली लाया गया। परंपरा अनुसार पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो कैथल को भी जैसे पता चला तो वो भी पैतृक गांव डेरा गोविंद पुरा कांगथली में उनके निवास पर पहुंचे। 16 सिख रेजीमेंट स्टेशन हेडक्वार्टर अंबाला कैंट की टीम के साथ मिलकर उनके पार्थिक शरीर पर तिरंगा ओढ़ाया और सभी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। प्रधान जगजीत फौजी ने रीट चढ़ाई पूर्व सैनिकों ने और 16 सिख रेजीमेंट के सैनिकों ने पूर्व सैनिकों के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद में सूबेदार एस के पटनायक ने स्टेशन हैडक्वाटर व अपनी रेजीमेंट 212 मीडियम रेजिमेंट की तरफ से रीट चढ़ाई और इस समय पर भारत माता की जय के गगन भेदी जय कारों से आकाश गूंज और वीर योद्धा पूर्व सैनिक सूबेदार स्वर्ण सिंह को अंतिम विदाई दी। उनके पुत्र कुलदीप व परमजीत को सूबेदार एसआर पठानिया व सूबेदार कंवल जीत पूर्व सैनिक प्रधान जगजीत फौजी और सभी सैनिकों व पूर्व सैनिकों की तरफ से सामूहिक रूप से तिरंगा भेंट किया गया।



कैथल। पूर्व सैनिक सूबेदार स्वर्ण सिंह के परिजनों को तिरंगा भेंट करते पूर्व सैनिक।

### ये रहे मौजूद

सूबेदार एस के पटनायक, 16 सिख रेजीमेंट, सूबेदार कमलजीत सिंह के साथ सूबेदार अवतार सिंह, कैप्टन मुख्तार सिंह, हवलदार अशोक, लास नायक पीसी पाल, ए वी तनुज,ए वी संतोष कुमार, सी एच एम जसपाल सिंह, हवलदार जसविंदर हवलदार गुरदयाल, कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा,सूबेदार पंजाब सिंह, रिशाल दार कर्मवीर सिंह, हवलदार शीशपाल, दफेदार बलदेव सिंह, हवलदार बलदेवा सौथा, सूबेदार युद्धवीर सिंह, सूबेदार हरदीप सिंह, हवलदार निरंजन सिंह, नायक शमशेर सिंह, हवलदार सत्यवान सिंह, सिपाही कृष्ण कुमार, हवलदार बलविंदर सिंह,नायक शमशेर सिंह, हवलदार सत्य वान, हवलदार बलविंदर सिंह,सूबेदार मस्तान सिंह आदि उपस्थित थे।

# जींद: तीसरे दिन भी हुआ हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन रविवार को खरैंटी स्टेशन तक 120 किमी रफ्तार से दौड़ी। इसके बाद वापस जींद लौट आई। रविवार को सुबह दस बजे ट्रेन जींद से रवाना हुई थी जो कि खरैंटी स्टेशन आधे घंटे बाद पहुंच गई। वहां एक घंटा ठहराव के बाद जींद के लिए चल पड़ी जो कि 12:10 बजे जंकशन पर पहुंची । अब सोमवार को जींद सोनीपत और दिल्ली के बीच हाई स्पीड ट्रायल लिया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को ट्रेन का स्पीड ट्रायल होना था लेकिन कुछ खामियों के चलते इसे टाल दिया । ट्रायल केवल जींद से खरैंटी तक ही लिया गया था। ट्रायल से पहले ट्रेन की वायरिंग प्लेटिंग अन्य तकनीकी प्रणालियों की जांच की गई ताकि सोमवार को बिना किसी बाधा के परीक्षण किया जा सके। हाई स्पीड ट्रायल के दौरान ट्रेन को विभिन्न गति पर चलाकर उसके इंजनए ब्रेकिंग सिस्टम, नियंत्रण प्रणाली और अन्य तकनीकी पहलुओं का परीक्षण किया जाएगा। ट्रायल के दौरान ट्रेन के प्रदर्शन पर विशेष नजर रखी जाएगी। यदि सभी मानकों पर ट्रेन सफल रहती है तो इसके संचालन के लिए अंतिम मंजूरी मिलने की संभावना काफी बढ़ जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अर्बन एस्टेट में मकान से 95 हजार की नकदी चोरी

**जींद।** अर्बन एस्टेट में चोरों ने मकान से 95 हजार रुपये की नगदी तथा दस्तावेजों को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी हवा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गांव दूध लेने तथा गाय को चारा डालने गया हुआ था। घर में उसकी बीमार पत्नी थी। जो बैड पर थी। पीछे से कोई व्यक्ति घर मे आया और अलमारी से 95 हजार रुपये की नकदी, कुछ जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गया।

### योजना का लाभ देने की बजाय हड़पे तीन लाख

**जींद।** फर्जीवाड़े का सहारा लेकर दीनदयाल उपाध्याय योजना के तीन लाख रुपये हड़पने पर गढ़ी थाना पुलिस ने महिला समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कालवन निवासी तनु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। जिसके बाद उसके पास कोई सहारा नही बचा था। भारत सरकार की पंडित दीन दयाल योजना के तहत उसे तीन लाख की आर्थिक सहायता मिलनी थी।

### सेढ़ा माजरा में बाड़े से तीन पशु चोरी, केस

**उचाना।** सेढ़ा माजरा गांव में शनिवार देर रात अज्ञात चोर पशुबाड़े से दो भैंस और एक झोटा चोरी कर ले गए। घटना का पता रविवार सुबह उस समय चला जब पशु मालिक बलबीर पशुबाड़े में पहुंचे। पशु गायब मिलने पर ग्रामीणों को सूचना दी गई और गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। ग्रामीणों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में रात करीब एक बजे के बाद तीन संदिग्ध व्यक्ति पशुओं को ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि एक अन्य व्यक्ति वाहन में मौजूद था।

### दो मकानो से सोना चांदी के जेवरात व नकदी चोरी

**जींद।** गांव लौन में बीती रात चोरों ने दो मकानों से सोने, चांदी के जेवरात, नकदी तथा फोन को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव लौन निवासी सेवा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसका परिवार सत्संग में गया हुआ था। बैठक में सोया हुआ था। पीछे से चोर मकान में घुस गए और उसके घर से सोने, चांदी के जेवरात, आठ हजार की नकदी को चोरी कर लिया। देर रात को किसी की घर घुसे व्यक्ति का अहसास हुआ तो शोर मचाया था।

### दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** चौंकी महमूदपुर पुलिस व थाना पुंडरी पुलिस ने 2 मामलों में 3 आरोपितों को काबू किया गया। जिनके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम चुरा पोस्त, 9.73 ग्राम हेरोइन व 2 लीटर हथकड़ी शराब बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में थाना पुंडरी पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर शिवकुमार की अगुवाई में एसआई बहादुर सिंह की टीम गश्त दौरान गुप्त सूचना मिली कि गांव हाबड़ी निवासी राममेहर शराब बेचने का काम करता है तथा आज भी वह गांव की चौपाल में शराब बेचने के लिए आने वाला है।

### ऑस्ट्रेलिया में फंसे दोस्त का झांसा देकर 2 लाख की ठगी

**कैथल।** ऑस्ट्रेलिया में फंसे दोस्त को छुड़ाने के नाम पर एक मजदूर से दो लाख की साइबर ठगी कर ली। साइबर ठगों ने पीड़ित के मालिक के भतीजे की फोटो लगाकर फर्जी वाट्सएप आईडी बनाई और खुद को ऑस्ट्रेलिया में फंसा बताकर एजेंट को तुरंत पैसे भेजने की बात कही। विश्वास दिलाने के लिए 4 लाख रुपए ट्रांसफर करने की फर्जी सिटी बैंक रसीद भी भेज दी। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में समर कैंप का समापन

उचाना। पालवां रोड स्थित नाथजी प्राइवेट आईटीआई में उचाना सर्वोदय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप रविवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तम शर्मा ने शिरकत की। बच्चों द्वारा कैंप के दौरान सीखी गई गतिविधियों और कलाकृतियों की सराहना की। शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के भीतर छुपे हुनर को निखारने का काम करते हैं। इस मौके पर फाउंडेशन की सोसाइटी निर्देशिका ऊषा देवी, योग ट्रेनर सुनील, ड्राइंग ट्रेनर भीरा सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, प्रिंसिपल सुशील श्योकंद मौजूद रहे।

### दिव्यांगों के लिए उपकरण वितरण समारोह तीन को

जींद। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव रामजी लाल ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की प्रधान एवं डीसी डा. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसायटी निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में 3 जुलाई को रैडक्रॉस भवन में दिव्यांग, बुजुर्गजनों को निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए अल्मिकों मोहाली के सहायोग से कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप में डीसी डा. वैशाली शर्मा बतौर मुख्य अतिथि होंगी। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजीलाल ने बताया कि इस कैंप में अल्मिकों मोहाली के डॉक्टरों की टीम द्वारा दिव्यांग, बुजुर्ग जनों को चैकअप कर फार्म भरकर सहायक उपकरण उपलब्ध करवाएं जाएंगे।

### आज धूमधाम से मनाई जाएगी संत कबीर जयंती

जींद। संत कबीर महासभा जींद द्वारा सोमवार को जींद-अशरफगढ़ रोड पर निर्माणाधीन संत कबीर छात्रावास एवं लाइब्रेरी भवन में संत कबीर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस राज्य स्तरीय जयंती कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध, लोकसभा सभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी मुख्यअतिथि होंगे। समारोह में पूर्व सांसद डा. सुशील इन्दौरा, शकुंतला खटक विधायक कलानौर, कुलदीप वत्स, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर विशिष्ट अतिथि होंगे।

### बजट में कटौती को वापस ले सरकार

जींद। बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के लिए जारी बजट में लगभग 50 प्रतिशत तक कटौती किए जाने पर सरकार के रवैए के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया है। एसोसिएशन का कहना है कि बजट में की गई इस भारी कटौती के कारण अभियान में कार्यरत कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को दी जाने वाली रिफ्रेशमेंट एवं मोबिलाइजेशन राशि गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। जिससे अभियान की गुणवत्ता और कर्मचारियों का मनोबल दोनों प्रभावित होंगे।

### अनशन को समाप्त करवाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन

जींद। जिले के पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के प्रतिनिधि एवं जागरूक नागरिकों की बैठक विद्यापीठ मार्ग स्थित कुमार धर्मशाला में हुई। इसमें हरियाणा लोक सेवा आयोग पंचकूला के समक्ष शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई पर रोष व्यक्त किया गया। गौरतलब है कि एचपीएससी के चयनित अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा 35 प्रतिशत का नया मापदंड लागू किए जाने तथा पिछड़ा वर्ग प्रमाण.पत्र की जारी करने की तिथि से संबंधित शर्तों के कारण अनेक योग्य अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है।

### कारगर साबित हो रही मातृशक्ति उद्यमिता योजना

जींद। हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की गई है। जिसके तहत बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के माध्यम से महिलाएं स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही है बल्कि परिवार और समाज की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में समीक्षा बैठक

# बीएलओ का सहयोग करें व जरूरी दस्तावेज-फोटो पहले से तैयार रखें

## *अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर को किया जाएगा*

**21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

36 जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान ने की। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत चल रहे घर-घर सर्वेक्षण कार्य, गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण, दस्तावेजों के सत्यापन, डिजिटाइजेशन तथा बीएलओ ऐप पर प्रपत्रों की अपलोडिंग की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं सुपरवाइजर अपने-अपने अधीन कार्यरत बीएलओ के कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा प्रत्येक कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा 14 जुलाई तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित एवं प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके उपरांत 21 जुलाई को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा उनका निस्तारण 18 सितंबर तक किया जाएगा। अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर को किया जाएगा। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक गणना प्रपत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों का सावधान पूर्वक सत्यापन किया जाए तथा सभी प्रपत्रों को समय पर बीएलओ द्वारा एप पर अपलोड किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी सुपरवाइजर प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करते हुए अपने.अपने क्षेत्रों में कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचन आयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटि रहित बनाना है। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूर्ण निष्ठाए पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे घर-घर सर्वेक्षण के दौरान अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पूर्ण सहयोग करें तथा गणना प्रपत्र भरने के लिए आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज पहले से तैयार रखें। प्रत्येक मतदाता अपने हाल ही का एक रंगीन पासपोर्ट आकार का ह्वक्तोटो अपने पास अवश्य रखें। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं अथवा उनके परिवार के सदस्यों का वर्ष 2002 की मतदाता सूची में नाम दर्ज था, वे वर्ष 2002 की मतदाता सूची से संबंधित अपना विधानसभा क्षेत्र, भाग संख्या (पार्ट नंबर), क्रम संख्या एवं ईपीआईसी (एपिक) नंबर पहले से नोट कर लें, जिससे गणना प्रपत्र भरने में सुविधा होगी। उन्होंने जानकारी दी कि नागरिक वर्ष 2002 की मतदाता सूची से संबंधित अपना विवरण वोटर्स सर्विस पोर्टल पर उपलब्ध सुविधा अथवा उपलब्ध इलेक्टोरल रोल के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। इससे गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया अधिक सरल एवं शीघ्र होगी।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते एसडीएम सत्यवान मान। फोटो :हरिभूमि


जींद। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का स्वागत करते रघुवीर भारद्वाज।

## शिक्षा और चिकित्सा सेवाएं सामाजिक परिवेश की प्रबल शक्तियां : ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री जयराम आश्रम हरिद्वार एवं देश भर में फैली विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का रविवार को जींद पहुंचने पर सफीदों रोड़ स्थित पूर्व नगर पार्षद एवं ब्राह्मण सभा के प्रधान रहे रघुबीर भारद्वाज के निवास पर समाज के प्रबुद्ध लोगों ने जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान रघुबीर भारद्वाज ने ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को शॉल औढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया। ब्रह्मचारी ने संबोधन में कहा कि समाज को सशक्त करने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। जहां-जहां ईश्वर की भक्ति के साथ-साथ शिक्षा का प्रवाह होता है वहां-वहां सदैव तरक्की की राह तय होती है। इसलिए इंसान का सबसे पहला कर्तव्य है कि वह प्रभु की भक्ति के साथ-साथ शिक्षा में रमते हुए समाज को मजबूती देकर जरूरतमंदों के हित में अपने कदम आगे बढ़ाए। कहा कि शिक्षा और चिकित्सा सेवाए सामाजिक परिवेश की प्रबल शक्तियां होती है। इसलिए जहां-जहां लोगों का वास होता है वहां-वहां सबसे पहले शिक्षा और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था, तय करने पर जोर दिया जाता है। ब्रह्मचारी ने कहा कि युवा इस देश की रीढ़ है। इसलिए वे नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में लगाते हुए समाज को मजबूती दे। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान रघुबीर भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह से जयराम आश्रम की संस्थाएं कई शहरों में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र को सशक्त करते लोगों को सेवाएं दे रही है। उसी तरह जींद क्षेत्र को भी जयराम की संस्थाओं का सान्निध्य मिल जाये तो यहां के लोगों को काफी हद तक लाभ होगा। रघुबीर भारद्वाज के शब्दों को सींचते ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि जींद के प्रबुद्ध लोगों ने जो उम्मीद जताई है उन्हें सिरे चढ़ाने का शिद्दत से प्रयास किया जाएगा। जींद के लोगों से उनका गहरा जुड़ाव रहा है। इसलिए इस क्षेत्र में शिक्षा और चिकित्सा के लिए कुछ खास कर सकेए ऐसा गंभीरता से प्रयास करेंगे। बलवान मास्टर, धर्मपाल प्रधान, वेद शाहपुर, ईश्वरदत मौजूद रहे।

### नारी शक्ति का आधार : डॉ. राजेश कुमारी

उचाना। ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में आयोजित मासिक हवन एवं सत्संग में मुख्य यजमान के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमारी एवं डॉ. राजेंद्र ने विधि-विधान से हवन में पूर्णाहुति डाली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति इस संसार रूपी रंगमंच पर अपनी भूमिका निभा रहा है। जो व्यक्ति सकारात्मक सोच के साथ समाज को सही दिशा देता है और दूसरों के सुख-दुख में सहभागी बनता है, वही समाज का सच्चा नायक कहलाता है। डॉ. राजेश कुमारी ने कहा कि नारी शक्ति का आधार है तथा बेटियों को संस्कार और शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। संस्कारी बेटियां अपने माता-पिता का नाम रोशन करती हैं। वहीं, ऐसे कार्यक्रमजिनमें बच्चे और बुजुर्ग एक साथ बैठकर ज्ञान की बातें सुनते हैं, समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर पंडित देशराज, डॉ. जगबीर दुहन, सुरेश चौहान, पवन आढ़ती, कृष्ण खटकड़ आदि मौजूद रहे।


उचाना। ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित मासिक हवन। फोटो :हरिभूमि


पुरानी अनाजमंडी में व्यापारियों की समस्याएं सुनते कैप्टन योगेश बैरागी।

### समाज कल्याण बोर्ड चेयरमैन ने सुनीं समस्याएं

जुलाना। जुलाना कस्बे की पुरानी अनाज मंडी में रविवार को हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की। उन्होंने बताया कि आए दिन दुकानों में चोरी और संदिग्ध गतिविधियों के कारण व्यापारी वर्ग असुरक्षित महसूस कर रहा है, जिससे कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने बाजार में पुलिस गश्त बढ़ानेए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने तथा रात के समय सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की मांग रखी। कैप्टन योगेश बैरागी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी सभी मांगों को संबंधित विभागों और प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा ताकि जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### डीएवी स्कूल में तीन दिवसीय सीबीपी सेमिनार

जींद। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम सेमिनार का आयोजन प्राचार्य डा. नीरज कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। योग हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, इसलिए प्रतिदिन योगाभ्यास से दिनचर्या की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के शैक्षणिक कौशल, नवीन शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थी केंद्रित शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। सेमिनार में एआरओ सुनीता बहल एवं क्लस्टर हैड डा. चंद्र प्रकाश कंबोज खास तौर पर शामिल हुए। इन्होंने डीएवी को आगे बढ़ाने के साथ-साथ सभी बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के लिए अध्यापकों को प्रेरित किया। तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जींद, रोहतक, भिवानी, नारनौल, हिसार, सफीदों, नरवाना, झज्जर तथा सुनारिया सहित विभिन्न क्षेत्रों के 17 डीएवी विद्यालयों से लगभग 700 अध्यापक एवं अध्यापिकाओं और प्राचार्यों ने भाग लिया था।


जींद। सीबीपी सेमिनार में मौजूद स्टाफ। फोटो :हरिभूमि


जींद। पुस्तक का विमोचन करते डा. धर्मदेव विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### खट्टे-मीठे ख्वाब पुस्तक का विमोचन किया

जींद। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने राजबाला द्वारा लिखित पुस्तक खट्टे-मीठे ख्वाब का विमोचन किया गया इस मौके पर धर्मवीर तथा सुरेश कुमार और लेखिका मंजू मानव उपस्थित थे। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि पिछले एक वर्ष में जितना साहित्य लिखा गया है, इतना पहले कभी नही लिखा गया है। विशेष रूप से हरियाणवी में प्रचूर मात्रा में साहित्य की रचना हुई है। हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के तत्वावधान में हरियाणवी के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक जिले में हरियाणवी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिससे हरियाणवी में लिखने का प्रोत्साहन मिला है। राजबाला ने कहा कि वह भी अकादमी की हरियाणवी महिम से प्रभावित होकर हरियाणवी में पुस्तक लिख रही है। जो शीघ्र ही प्रकाशित हो जाएगी। राजबाला की अबतक 10 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। राजबाला की गिनती हरियाणा की उच्च कोटि की कवयित्री में होती है।


उचाना। जलघर में पौधरोपण करते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि

### पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया

उचाना। शहीद भगत सिंह युवा ग्रामीण विकास समिति उचाना खुर्द द्वारा जलघर परिसर में पौधारोपण अभियान के तहत पौधरोपण किया। 50 छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का भी संकल्प लिया ताकि प्रत्येक पौधा एक वृक्ष के रूप में विकसित होकर समाज और पर्यावरण के लिए उपयोगी सिद्ध हो सके। समिति ने यह भी बताया कि शहीद भगत सिंह युवा ग्रामीण विकास समिति भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न सामाजिक कार्यों को निरंतर संचालित करती रहेगी तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को ऐसे जनहितकारी अभियानों से जोडने का प्रयास करेगी। इस मौके पर विपिन वृक्ष फांउडेशन से डॉ. आदित्य सान्याल, मा. राममेहर सिंह, मा. आशीष, गुरनाम सिंह, डॉ. संदीप, रज्जाक, सुनील, दिनेश, प्रवीण मौजूद रहे।

# गांव ढाठरथ के तालाबों का थ्री पाउंड योजना के तहत नवीनीकरण किया जाए

## पशुओं के लिए पीने के पानी की बहुत बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष विजेन्द्र ढाठरथ।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष विजेन्द्र ढाठरथ ने बताया कि गांव ढाठरथ में पशुओं के लिए पीने के पानी की बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। तालाबों में गंदगी भरी हुई है। ओर तालाबों में घास उगी हुई है। जिसे गांव में आवारा पशु भी प्यासे मर रहे हैं। जिसे गांव के लोगों में रोष है ओर बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है ओर हर गांव की ये समस्या है। ढाठरथ गांव जींद जिले का बहुत बड़ा गांव है। जिसकी आ बा दी लगभग पंद्रह हजार है। सासन प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सरकार से अपील करते हैं गांव ढाठरथ के सभी तालाबों को थ्री पाउंड योजना के तहत नवीनीकरण किया जाए ताकी पशुओं कि जान बच सके ओर गांव में बीमारी फैलने से बच सके। इतना बड़ा गांव होने के वावजूद सरकार ने यहां से पटवार खाना, कापरेटिव सोसायटी, वेब सैंटर आदि सुविधाएं जो गांव में बहुत पुराने समय से थी। सरकार ने यहां से धीरे धीरे सभी को खत्म कर दिया है। जिसे गांव में रोष है। गांव के लोग दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। ये सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। सरेआम हत्या कि जा रही है। फिरोती मांगी जा रही है। सता में बैठे लोग सता के नशे में चूर है। इन्होंने जनता से कोई सरोकार नहीं है। ये वोट चोरी से बनी हुई सरकार है। जन भावना से नही है।


जींद। बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### एक भी बच्चा छूट न जाए, सुरक्षा चक्र टूट न जाए

जींद। जुलाना कस्बे के अंतर्गत प्लस पोलियो अभियान के तहत जुलाना मंडी स्कूल के बूथ पर जीरो से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। स्वास्थ्य कार्यकर्ता संदीप कुंडू एवं स्वास्थ्य टीम ने आमजन को इस दवा के महत्व बारे समझाते हुए बताया कि यह एक भयंकर बीमारी है व यह माता-पिता को सुनिश्चित करना है कि आपका बच्चा अपने पैरों पर चले। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका है लेकिन पोलियो के केस हमारे पड़ोसी देशों में निकल रहे हैं। इस कारण हमारे देश में पोलियो का खतरा बना रहता है। पूरा विश्व अभी पोलियो मुक्त नहीं हुआ है। इसलिए इस बारे जागरूक नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए बच्चों को दवा की दो बूंदे जरूर पिलवायें। संदीप कुंडू ने बताया कि आगामी 29 एवं 30 जून को भी यह अभियान चलाया जाएगा, जो बच्चे आज दवा पिलाने से वंचित रह गए हैं, उन्हें सोमवार और मंगलवार टीमें घर-घर जाकर दवा पिलाएंगी।


जींद। बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अधिकारियों ने किया पोलियो बूथों का निरीक्षण

जींद। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में निर्धारित पोलियो बूथों पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई। अभियान के पहले दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पूरे उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए बूथों पर आने वाले बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों को बूथों पर लाकर अभियान में सक्रिय सहयोग दिया। अभियान के दौरान डा. सूरजप्रकाश, डा. रेणु ने विभिन्न पोलियो बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की प्रक्रिया, वैक्सीन के सुरक्षित रखरखाव, रजिस्टर संधारण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डा. सूरजप्रकाश ने सभी टीमों को अभियान के दिशा.निर्देशों का पूर्ण पालन करते प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाने के लिए पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए।

### नागरिक अस्पताल पहुंचे एक महीने में 300 से अधिक बंदर और कुत्तों के काटे लोग

# उचाना में बंदरों-आवारा कुत्तों का बढ़ा आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना शहर और आसपास के क्षेत्रों में बंदरों तथा आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बंदरों और कुत्तों के काटने की घटनाओं में वृद्धि होने से आमजन में भय का माहौल है। हर रोज नागरिक अस्पताल में 10 के करीब उपचार के लिए मरीज रैबीज की वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। गांवों एवं शहर में बंदरों और आवारा कुत्तों के झुंड आसानी से देखे जा सकते हैं। बंदर घरों की छतों पर चढ़कर लोगों को परेशान कर रहे हैंए वहीं आवारा कुत्ते राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन बंदर और कुत्तों के काटने के बाद उपचार के लिए मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार ऐसे मामलों में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और तुरंत अस्पताल पहुंच कर रैबीज से बचने के लिए वैक्सीन लगवानी जरूरी है। लोगों ने कहा कि कई बार प्रशासन को समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों तथा बंदरों की संख्या पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में यह समस्या और गंभीर रूप धारण कर सकती है।


उचाना। रैबिज की वैक्सीन लगाते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए

नागरिक अस्पताल उचाना के एसएमओ डा. सुशील गर्ग ने कहा कि बंदर कुत्ते के काटने के 10 से 12 मरीज आते हैं। कुत्ते, बंदरों का आंतक कुछ समय से ज्यादा है। काटने के 0, 3, 7 एवं 21वें दिन वैक्सीन लगाई जाती है। कुत्ते, बंदर के काटे मरीज को वैक्सीन लगवानी चाहिए। क्योंकि कुत्ते, बंदर के काटने से रेबिज होने की संभावना होती है। रेबिज लाइलाज बीमारी है, जिसका कोई उपचार नहीं है। ऐसे में वैक्सीन लगाते है ताकि उस बीमारी का नाम सामना करना पड़े। आयुष्मान, बीपीएल कार्ड को फ्री है, अन्य के लिए 100 रुपए प्रति वैक्सीन रसीद कटती है।

## खबर संक्षेप



### नरवाना में चलाया सघन पल्स पोलियो अभियान

**नरवाना।** सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को नागरिक अस्पताल में एसएमओ डा. देवेंद्र बिंदलिश द्वारा बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया। एसएमओ ने बताया कि यह अभियान 28 जून से 30 जून तक चलेगा। अभियान के प्रथम दिन 28 जून को निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। , जबकि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पाँच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी।

### सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**गुहला-चीका।** श्री भवानी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारी भागवताचार्य देवी रक्षा सरस्वती ने सुदामा चरित्र, उद्धव-गोपी संवाद, विष्णु सहस्त्रनाम एवं गोतर्पण की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम इतना समर्पित था कि उनके हृदय में ज्ञान के लिए कोई स्थान नहीं था। कथा के दौरान सुदामा चरित्र सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए तथा भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मनमोहक झांकी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### प्राचीन नगर खेड़ा में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

**कलायत।** कलायत स्थित प्राचीन नगर खेड़ा में रविवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। उत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ से हुआ।इसमें 36 बिरादरी के लोगों ने एकजुट होकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि और लोक कल्याण की कामना करते हुए आहुति डाली। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला।

### दनौदा में धूमधाम से हुआ वार्षिक भंडारा

**नरवाना।** गांव दनौदा स्थित प्राचीन दादा रामेश्वर मंदिर में रविवार को वार्षिक भंडारे का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ किया गया। यह मंदिर गांव की सबसे बड़ी आस्था का केंद्र है, जहां हर वर्ष पूरे गांव के लोग एकत्र होकर इस धार्मिक परंपरा में भाग लेते हैं। भंडारे की सबसे विशेष बात यह है कि इसका आयोजन 36 बिरादरी के सामूहिक सहयोग से किया जाता है।

### बूढ़ी माता व उचाना वाली माता में लगाई छबील

**नरवाना।** रविवार को बूढ़ी माता व उचाना वाली माता में बूढ़ी माता सेवा समिति के द्वारा राहगीरों के लिए ठंडे जलजीरे की छबील लगाई गई। बूढ़ी माता सेवा समिति के प्रधान रामकला मिर्धा का कहना है कि समिति सामाजिक कार्य में हर बार बढ़ चढ़ कर भाग लेती हैं इससे पहले भी समिति के द्वारा वाटर कूलर को ठीक करवाकर राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई थी।

---

### बुद्धिजीवी सम्मेलन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बतौर मुख्य वक्ता की शिरकत

# उद्योगपति प्रदेश की रीढ़, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध: कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हिंदू गर्ल्स स्कूल में रविवार को बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। सम्मेलन में उद्योगपतियों, व्यापारियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों ने भाग लिया और अपने सुझाव व समस्याएं रखीं। कार्यक्रम में पहुंचने पर बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी तथा कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सौरभ चौधरी ने मंत्री कृष्ण बेदी को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया।

इससे पहले जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सूना। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि सरकार प्रत्येक वर्ग के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझे और उनके सुझावों के आधार पर नीतियां तैयार करे। उन्होंने कहा कि सरकार केवल अपनी उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि समाज के हर वर्ग की वास्तविक जरूरतों को समझकर उनका समाधान करना चाहती है।

इस अवसर पर जिला सचिव अवदेश किशोर, मार्किट कमेटी चेयरमैन सतीश शर्मा सिरटा,मंडल अध्यक्ष आयुष गर्ग, रामनिवास जैन, महंत रमन पूरी जी, प्रवीण जैन, प्रिंसिपल संजय चौधरी, प्रोफेसर ऋषिपाल बेदी, अजय बेदी, रविंद्र धीमान, अमरजीत छाबड़ा, शैली मुंजाल, आशा रानी, सर्जन डा. डी.पी. गुप्ता, डा. अभिलाषा जैन, जागीर सिसला, नरेंद्र जिंदल, कृष्ण मिघलाणी, तरसेम गोयल, शिवनारायण गोयल, सुरेश बंसल, अनिल चौधरी, संदीप शर्मा, शक्ति सिंह, दिपक, संजू शोरेवाला आदि मौजूद रहे।





**कैथल।** सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का स्वागत करते कार्यकर्ता व सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बैठक को संबोधित करते हुए।

#### बिना पर्ची और बिना खर्ची के दी जा रही नौकरियां

ज्योति सैनी ने कहा कि हरियाणा ने भी विकास के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। आज बिना पर्ची और बिना खर्ची के सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, खेल और उद्योग जैसे क्षेत्रों में लगातार कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में सरकार जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

#### उद्योग विकास के साझेदार बने

मंत्री बेदी ने कहा कि हरियाणा के विकास में व्यापारियों और उद्योगपतियों का अमूल्य योगदान है। प्रदेश की बड़ी आबादी विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेती है, जबकि करदाता, उद्योगपति और कारोबारी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। इसलिए सरकार उन्हें केवल करदाता नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक रीढ़ मानती है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने उद्योग जगत को केवल राजस्व का स्रोत माना, जबकि वर्तमान सरकार ने उद्योगों को विकास का साझेदार बनाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बजट तैयार करने से पहले उद्योग संगठनों और चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों से व्यापक विचार-विमर्श किया जाता है और उनके सुझावों को नीतियों में शामिल किया जाता है। नई औद्योगिक नीति का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि इसे लागू करने से पहले उद्योगपतियों, विशेषज्ञों और मल्टीनेशनल कंपनियों के प्रतिनिधियों से कई दौर की विस्तृत चर्चा की गई। सरकार का उद्देश्य निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना और उद्योगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

---



**कैथल।** मुख्यातिथि विधायक आदित्य सुरजेवाला का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान करते हुए मंडल प्रधान व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# बर्फानी सेवा मंडल के भंडारे की शोभा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

- विधायक आदित्य सुरजेवाला ने हरी झंडी दिखाकर विशाल शोभायात्रा को रवाना किया
- 20 भंडारा गाड़ियों के साथ 150 सेवादार रवाना हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

नगर की प्रसिद्ध धार्मिकएवं सामाजिक संस्था बर्फानी सेवा मंडल कैथल द्वारा 32वां विशाल भंडारा बालटाल कश्मीर के लिए आज मंदिर एवं धर्मशाला पट्टी अफगान अर्जुन नगर से कैथल से मुख्यातिथि कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सबसे पहले मंदिर में शिवलिंग पर रूद्राभिषेक किया गया, जिसमें यजमान के रूप में मंडल प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू, उपप्रधान राजकुमार वर्मा ने अपनी धर्मपत्नी के साथ, राजीव सिंगला अपनी धर्मत्नी व मंडल सदस्यों ने अपने परिजनों के साथ पूरे विधिविधान पूर्वक पूजा भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रसार वितरित किया गया। जानकारी देते हुए संस्था के सचिव सत्यनारायण गोयल ने बताया कि भंडारे में भंडारा सामग्री भेजने हेतु मंडल द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समूचा शहर बम भोले के जयकारों से गूंज उठा।

#### शोभायात्रा का स्वागत

मंडल पदाधिकारियों व सदस्यों सत्यनारायण गोयल, प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू, उपप्रधान राजकुमार वर्मा, अशोक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, विनोद पोलू, अनिल मित्तल, रमेश चंद, कोषाध्यक्ष राजीव सिंगला, रविप्रकाश गुप्ता, सुमन लाल, चुड़िया राम, नरेंद्र गोयल आदि ने मुख्यातिथि आदित्य सुरजेवाला का जोरदार स्वागत किया व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सचिव सत्यनारायण गोयल ने बताया कि 32वें विशाल भंडारे के लिए शोभा यात्रा में शिवलिंग की झांकी सहित अन्य झांकियां बैंड, डी.जे. एवं आतिशबाजी के साथ सारे शहर में निकाली गई। शहर में शोभा यात्रा का विभिन्न संस्थाओं व व्यापारियों तथा अन्य शहरवासियों द्वारा जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया व जलपान की व्यवस्था भी की गई।

शोभायात्रा धर्मशाला एवं मंदिर अर्जुन नगर गली नंबर 5 से चलकर सीवन रोड, प्रताप गेट, चंदाना गेट, अशोक सिनेमा रोड, पुरानी अनाज मंडी, भगत सिंह चौक, छात्रावास रोड, पिहोवा चौक व करनाल रोड से होते हुए क्योडक़, पूंडरी, ढांड से होते हुए पिहोवा व ईस्माइलाबाद से बालटाल कश्मीर के लिए रवाना होगी।

---

# कलायत में पल्स पोलियो अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत में रविवार से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हुई। अभियान के पहले दिन विभिन्न पोलियो बूथों पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अभिभावकों से बच्चों को समय पर दवा पिलाकर पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत बनाने की अपील की। वार्ड-1 स्थित पोलियो बूथ पर तैनात एमपीएचडब्ल्यू राजीव कुमार ने बताया कि सीएमओ और एसएमओ के निर्देशानुसार कस्बे सहित अधीनस्थ सभी क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। बूथों पर बड़ी संख्या में महिलाएं और परिवार के सदस्य अपने नन्हे-मुन्ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने पहुंचे। लोगों में अभियान को लेकर जागरूकता और उत्साह देखने को मिला। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और अन्य प्रमुख स्थानों पर कुल 619 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त झुग्गी-झोपड़ियों, ईंट-भट्टों, निर्माणाधीन भवनों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 27 मोबाइल टीमें तैनात की गई हैं।



**कलायत।** बच्चों को पोलियो दवा पिलाते स्वास्थ्य विभाग के एमपीएचडब्ल्यू राजीव कुमार।

---

# संत कबीर जयंती पर गूंजे काव्य स्वर

- सद्भावना साहित्य सदन की काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पाई गांव के संत गुरु रविदास मंदिर के सभागार में सद्भावना साहित्य सदन कैथल द्वारा संत कबीर जी की जंयती के उपलक्ष्य में काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता बलवान सिंह फौजी ने की।मुख्य अतिथि की भूमिका प्रोफेसर अनिल सौदा ने निभाई। विशिष्ट अतिथि की भूमिका में सतपाल पराशर आनंद एवं दिनेश बंसल दानिश जी रहे। गोष्ठी में महात्मा जयपाल दास जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। मंच संचालन डा. कुमार अशोक ने किया।संत कबीर जी को समर्पित दिलबाग अकेला के मन के भाव देखियेः वो चैन थे अमन थेवो फूल थे चमन थे कबीरा ,कबीरा।पड़ रही भीष्ण गर्मी की अनुभूति मा. सतप्रकाश जी की इन काव्य-पंक्तियों में अनुभव कीजिये- गर्म तवे सी तप रही धरती। जैसे अंबर से बरस रही आग।ज़िंदगी को लेकर सुरेन्द्र कंवल हरियाणवी के मन के भाव देखिए -इस क़दर ढलने लगी है ज़िंदगी। बर्फ़ सी गलने लगी है ज़िन्दगी।सजग प्रहरी की भूमिका निभाते हुए डा. भरतपाल पाई ने कहा - नींद से जाग जाओ अब। समय है जाग जाने का। सभी सोए जगाने का। उम्र से गुफ़्तगू करते हुए संजय पाई ने कहा - हे उमर तू खिसक धीरे-धीरे, तुझे किस बात की जल्दी पड़ी है।



**कैथल।** काव्य गोष्ठी में भाग लेते कवि और साहित्यकार। *फोटो : हरिभूमि*

#### बुराई दूर करें

आनंद ने कहा - सन तेरां सौ ठाणवै , कासी पावन धाम। जन्मे दास कबीर जी , करां सभे परणाम। ईश्वर की सर्व व्यापकता को लेकर दिनेश बंसल /" दानिश /" ने कहा : कण कण में मौजूद है, जग का सृजनहार। अजर, अमर, अनुपम, अभय , वो है सर्वाधार ।।ब्रह्म-ज्ञान की महत्ता बताते हुए महेन्द्रपाल सारस्वत काण्व द्विवेदी ने कहा : ब्रह्म किसा विस्तार नहीं, ब्रह्म ज्ञान किसा उजियारा ना।बलवान सिंह फौजी ने नशे के कारण व्यक्ति,परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्परिणामों का वर्णन किया और इस सामाजिक बुराई से निजात पाने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि की भूमिका निभा रहे।

---

# सिविल सर्जन ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

- 619 पोलियो बूथ, 27 मोबाइल व 41 ट्रांजिट टीमें तैनात
- घर-घर जाकर भी पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजौंद से किया गया। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने पोलियो बूथ पर नन्हे बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया तथा अभिभावकों से अपने पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने कहा कि भारत को 27 मार्च 2014 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो वायरस की मौजूदगी के कारण भारत में संक्रमण का खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए प्रत्येक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में सभी बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर 619 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं।



**कैथल।** सिविल सर्जन डा. रेनू चावला पोलियो रोधी दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### दो बूंद जरूरी

डॉ. रेणू चावला ने बताया कि अभियान के पहले दिन जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई गई। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 29 और 30 जून 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाएं, क्योंकि हर बच्चा, हर बार की सहभागिता से ही पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि को स्थायी बनाए रखा जा सकता है।

---

# सीआरएसयू छात्रा कोमल का कॉन्सेंट्रिक्स में चयन

- एमसीए उत्तीर्ण होते ही हासिल की बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) जींद के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग की छात्रा कोमल ने अपनी शिक्षा पूरी करते ही एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मई 2026 में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (एमसीए) की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली कोमल का चयन विश्व की अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी कॉन्सेंट्रिक्स दक्ष सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। कंपनी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार कोमल को सलाहकार (चैट सपोर्ट) के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी प्रारंभिक कार्यस्थली गुरुग्राम होगी तथा वे 30 जून 2026 से अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन प्रारंभ करेंगी। छात्रा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग में हर्ष का माहौल है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम पाल सैनी, विभागाध्यक्ष व समस्त शिक्षकों ने कोमल को बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयन होना पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व और गौरव का विषय है।



**जींद।** बहुराष्ट्रीय कंपनी में चयनित छात्रा को नियुक्ति पत्र देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

---

# भक्ति संग रवाना हुई शोभायात्रा

- सीवन में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन

बर्फानी सेवा मंडल द्वारा बाबा अमरनाथ यात्रा के दौरान आयोजित किए जाने वाले 32वें विशाल भंडारे के लिए रवाना हुई शोभायात्रा का शनिवार को सीवन में श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। भंडारे की सामग्री से लदे वाहनों तथा सेवाभावी श्रद्धालुओं के जत्थे का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। बर्फानी सेवा मंडल के पदाधिकारी पवन हंदूजा और महेंद्र पाल वर्मा ने बताया कि बाबा अमरनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बालटाल में 3 जुलाई से 28 अगस्त तक 32वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सेवा कार्य वर्षों से निरंतर जारी है और हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इसका लाभ उठाते हैं। उन्होंने बताया कि कैथल से रवाना हुई शोभायात्रा लुधियाना, जालंधर और पठानकोट होते हुए बालटाल पहुंचेगी। वहां यात्रियों के लिए भोजन, चाय, नाश्ता और अन्य आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर राजेश सोनी ने कहा कि बाबा अमरनाथ यात्रा सेवा, समर्पण और आस्था का अनुपम संगम है। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं की सेवा करना ही सच्ची शिव भक्ति है तथा समाज के अधिक से अधिक लोगों को ऐसे सेवा कार्यों से जुड़ना चाहिए।



**सीवन।** शोभा यात्रा का स्वागत करते नगर निवासी। *फोटो : हरिभूमि*

---

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जांबा आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण

# प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाने का किया आह्वान : निधि मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज पूरे जिला कैथल में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए पोलियो बूथों पर पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखते हुए स्वस्थ एवं सशक्त भारत का निर्माण करना है। स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों तथा स्वयंसेवकों के सहयोग से जिलेभर में अभियान का सफल संचालन किया गया। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव एवं समाजसेविका निधि मोहन ने गांव जांबा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का दौरा कर पल्स पोलियो अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम का उत्साहवर्धन किया तथा अभियान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



**पूंडरी।** पोलियो की खुराक पिलाते भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव निधि मोहन। *फोटो : हरिभूमि*

#### जताया आभार

निधि मोहन ने अभियान में अपनी सेवाएं दे रहे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, डॉक्टरों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों एवं स्वयंसेवकों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही इस तरह के जनहितकारी अभियान सफल हो पाते हैं।

#### दो बूंद, सुरक्षित बचपन अभियान

निधि मोहन ने कहा कि 'दो बूंद जिंदगी की' केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे के स्वस्थ भविष्य की सुरक्षा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और यदि किसी कारणवश कोई बच्चा बूथ पर नहीं पहुंच पाया है, तो घर-घर जाकर दवा पिलाने वाली स्वास्थ्य टीम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि भारत ने पोलियो उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, लेकिन इस सफलता को बनाए रखने के लिए नियमित टीकाकरण और पल्स पोलियो अभियान में सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है।

## कबीर दास आश्रम में धूमधाम से मनाया 629वां प्रकटोत्सव दिवस

# संत कबीर दास ने समाज को एकता व सद्भाव का रास्ता दिखाया : डॉ. मिड्ढा

■ जींद विधानसभा क्षेत्र में चौपालों, सामुदायिक भवनों एवं संस्थाओं के विकास पर खर्च होंगे 70 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। संत कबीर जी को नमन करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

संत शिरोमणि कबीर साहेब जी का 629वां प्रकटोत्सव दिवस रोहतक रोड स्थित कबीर चौक व रामराय गेट स्थित श्री संत कबीर आश्रम में श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रमों में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने संत कबीर साहेब जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रकटोत्सव की शुभकामनाएं दी। समाज द्वारा रखी गई मांगो को पर आश्वासन देते हुए उन्होंने जींद विधानसभा क्षेत्र में समाज की चौपालों, भवनों व अन्य संस्थाओं पर लगभग 70 लाख रुपये की धन राशि से विकास करवाने की बात कही। डा. मिड्ढा ने कहा कि संत शिरोमणि कबीर साहेब जी ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज को सत्य, प्रेम, समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच, छुआछूत और सामाजिक कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज को एकता और सद्भाव की राह दिखाई। उनके दोहे और विचार आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर साहेब जी का मानना था कि ईश्वर की सच्ची भक्ति मानव सेवा, सदाचार और सत्य के मार्ग पर चलने में है। उनका जीवन हमें आपसी प्रेम, सहिष्णुता और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। वर्तमान समय में उनके विचार पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं और प्रत्येक व्यक्ति को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि संत कबीर साहेब जी ने अपने सरल एवं प्रभावशाली दोहों के माध्यम से लोगों को अंधविश्वास, पाखंड और आडंबर से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने हमेशा कर्म, ईमानदारी और सच्चाई को जीवन का आधार बताया।

### सरकार संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि जींद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली धानकान समाज की चौपालों, सामुदायिक भवनों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 70 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के समान एवं संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक भवनों में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि आमजन को बेहतर वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवा रही है और प्रत्येक क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान अपने सरकारी आवास का नाम कबीर कुटिया रखा था, जो संत कबीर साहेब के आदर्शों के प्रति उनकी गहरी आस्था और प्रेरणा को दर्शाता है। यह केवल एक नाम नही बल्कि सादगी, सेवा, पारदर्शिता और जनकल्याण की भावना का प्रतीक था। कबीर कुटिया नामकरण के माध्यम से उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जीवन में दिखावे से अधिक महत्व सादगीए सत्य और लोकसेवा का है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी संत कबीर साहेब सहित सभी महान संतों के विचारों को आत्मसात करते हुए बिना भेदभाव के विकास कार्य करवा रहे हैं। गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं ताकि समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि संतों का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा शासन वही हैख जिसमें जनता का विश्वासए पारदर्शिता और संवेदनशीलता हो। सरकार का लक्ष्य भी यही है कि विकास कार्यों का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे और हर नागरिक को बेहतर जीवन के अवसर मिलें। इस अवसर पर सुभाष दुग्गल, कृष्ण कुमार, मुकेश, महेंद्र नागर, सतीश, अजमेर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रत्येक माह के अंत में प्रसारित होता है मन की बात कार्यक्रम : देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


जींद। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात को कार्यकर्ताओं के साथ सुनते हुए विधायक।

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने रविवार को कसूहन गांव के बूथ नंबर-176 पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना। विधायक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है, जो देशवासियों को नई सोच, नई प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि इस बार के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक कार्यों का उल्लेख करते हुए कई प्रेरणादायक विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती ताकत, आत्मनिर्भरता और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर प्रधानमंत्री ने विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार मजबूत हो रहा है और दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। पीएम ने योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला और बताया कि आज योग के क्षेत्र में भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, जनभागीदारी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों के कार्यों का भी उल्लेख किया गया। प्राकृतिक खेती अपनाने और रसायन मुक्त कृषि को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया, जिससे किसानों की आय बढने के साथ-साथ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य भी मिल सके।

विधायक ने कहा कि युद्ध जैसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड़ नागरिकों से जो अपील की थी, देशवासियों ने उसका पूरी जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ पालन किया। यह देश की एकता, राष्ट्रभक्ति और प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर जनता के विश्वास का प्रमाण है। इस मौके पर रमेश राणा, सत्यवान दुर्जनपुर, योगेश कसूहन, यशपाल मौजूद रहे।

### डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता के लिए समर्पित : डॉ. तायल

**जींद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संस्थापक नेता एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकताए अखंडता और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देशहित को सर्वोपरि मानते हुए अनेक संघर्ष किए और राष्ट्रीय एकता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन आज भी प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि डा. मुखर्जी ने एक देश में दो विधानए दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था का पुरजोर विरोध किया। देश की अखंडता और समानता के लिए उन्होंने जो संघर्ष किया, वह भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उनका बलिदान राष्ट्र के प्रति समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर समाज और देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित के कार्यों में बढ़.चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।



### शिक्षित समाज ही विकसित समाज का मूल आधार

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित समाज का मूल आधार है। इसी विजन पर मुख्य फोकस कर राज्य सरकार निरंतर गुणात्मक शिक्षा का प्रसार कर रही है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि शिक्षा प्रदेश के हर कोने तक दूर दराज की ढाणियों तक भी पहुंचे ताकि प्रत्येक परिवार का बच्चा अच्छी तालीम हासिल कर उज्ज्वल जीवन जीने के काबिल बने। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार सायं नरवाना की इंदिरा कॉलोनी स्थित वाल्मीकि आश्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर 23 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित ज्ञानदीप पुस्तकालय का उदघाटन किया और 12 लाख रूपये की अनुमानित लागत से लाइब्रेरी से मुख्य सड़क तक पक्का रास्ता बनवाने की भी घोषणा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा बेहद जरूरी है। कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम के बाद पुस्तकालय का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन अमित ढाकल, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, सत्यवान शर्मा, दिनेश गोयल, सत्यवान बेदी, विरेन्द्र नैन, हंसराज समैण, रिछपाल शर्मा, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने एक ही दिन में की 13 मामलों में कार्रवाई

## 13 आरोपी गिरफ्तार, 180 बोतल शराब व 120 लीटर लाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के 13 मामलों में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 180 बोतल शराब तथा 120 लीटर लाहन बरामद हुआ है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में पुलिस चौकी अरनौली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव गगड़पुर-जोधवा रोड पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू उर्फ सोनी निवासी गगड़पुर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से दो-दो लीटर की दो बोतलों में करीब पौने पांच बोतल हथकढ़ी शराब बरामद हुई। दूसरे मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने ढांढ रोड रजबाहा पुल के पास नाकाबंदी कर आरोपी सलिन्द्र कुमार उर्फ सुरेन्द्र को स्कूटी सहित काबू किया। आरोपी के कब्जे से 150 पव्वे देसी शराब बरामद हुए। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा एक अन्य मामले में कार्रवाई के दौरान आरोपी बजरंग गिरी निवासी प्योदा रोड कैथल को उसकी दुकान से 15 बोतल देसी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। चौथे मामले में पुलिस ने गांव बेगपुर में रेड कर आरोपी बंसी को 14 बोतल देसी शराब सहित काबू किया। पांचवे मामले में गांव थेह बुटाना में कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय कुमार को उसकी चिकन एवं अंडे की दुकान से 14 बोतल देसी शराब सहित गिरफ्तार किया।

### छठे मामले में 15 बोतल सहित आरोपी काबू

छटे मामले में पुलिस चौकी रामथली की टीम ने नाकाबंदी के दौरान आरोपी महकदीप सिंह निवासी साधारणपुर, जिला पटियाला को मोटरसाइकिल पर ले जाई जा रही करीब 15 बोतल नाजायज शराब सहित गिरफ्तार किया। सातवें मामले में थाना शहर कैथल पुलिस ने रेलवे रोड सब्जी मंडी क्षेत्र में रेड कर आरोपी रमेश कुमार निवासी वाल्मीकि बस्ती कैथल को उसके खोखे से 13 बोतल देसी शराब सहित काबू किया। आठवे मामले में चौकी क्योड़क पुलिस द्वारा आरोपी रणबीर सिंह निवासी क्योडक के कब्जे से चार बोतल देसी तथा करीब सवा बोतल हथकड़ी शराब बरामद की। एक अन्य मामले में थाना सदर पुलिस ने गांव गुहना क्षेत्र से आरोपी सुखबीर उर्फ काला को 16 बोतल देसी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। दसवे मामले में थाना कलायत पुलिस ने कलायत-रामगढ़ रोड स्थित खेत के कोठे के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी रमेश कुमार निवासी जुलानी खेड़ा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से करीब पौने 14 बोतल हथकढ़ी शराब बरामद हुई। 11वें मामले में थाना राजौंद पुलिस ने जींद रोड राजौंद स्थित दुकान पर रेड कर आरोपी कृष्ण कुमार निवासी राजौंद को 13 बोतल देसी शराब सहित गिरफ्तार किया। 12वें मामले में थाना सीवन पुलिस ने गांव कांगथली में कार्रवाई करते हुए महिला आरोपी बलबीर कौर के मकान से करीब सवा 19 बोतल हथकढी शराब बरामद कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में थाना तितरम पुलिस ने गांव देवबन में कार्रवाई करते हुएआरोपी सुनील उर्फ लीला को उसके खेत स्थित कोठे से शराब तैयार करने के लिए रखे लगभग 120 लीटर लाहण सहित गिरफ्तार किया।

## न्यूज डायरी



### आर्ट ऑफ़ लिविंग में हुआ एडवांस्ड मेडिटेशन प्रोग्राम

**कैथल।** आर्ट ऑफ़ लिविंग के कैथल शाखा कपिस्थल आश्रम के सेक्रेटरी भारत खुराना ने बताया कि रविवार दोपहर में आर्ट ऑफ लिविंग के एडवांस्ड मेडिसिन प्रोग्राम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम चार दिन तक चला । इस कार्यक्रम में सत्संग सेवा और साधना का अनूठा संगम था । सभी साधक अपनी योग क्रियाओ के साथ ज्ञान की डुबकी भी लगते थे। इस कार्यक्रम की खास बात यह है कि सब कार्य मौन में रहकर किए जाते हैं। मौन से हमारी संकल्प शक्ति बढ़ती है और हमारी क्रियाएं और ऊर्जावान हो जाती हैं। दिनभर आश्रम में ही रख कर साधकों को केवल सात्विक खाना खाने की ही अनुमति थी । जो शरीर को अंदर से साफ करता है। शाम में फिर सभी भक्त सत्संग करते थे जो हमारे विचारों को शुद्ध करता है । यह कार्यक्रम शारीरिक , मानसिक एवं आध्यात्मिक तीनों स्तरों पर काम करता है । इस कार्यक्रम में के संचालक सिरसा से आचार्य राजीव जी थे ।जो पिछले कई दशकों से इस संस्था में कार्यरत है। राजीव जी ने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति इन तीन कार्य को अपने जीवन में उतार लेता है जो की है साधना ,सेवा और सत्संग तो ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जो वह नहीं कर सकता । आज के वक्त में मानसिक तनाव बहुत बढ़ गया है इसी तनाव को कम करने के लिए यह प्रोग्राम डिजाइन किया गया है ।



### भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया मीठा ठंडा पानी

**जींद।** भीषण गर्मी को देखते हुए मंकी सेवा ग्रुप के सदस्यों ने पटियाला चौक स्थित रेलवे रोड पर आहूजा मेडिकल हाल के सामने रविवार को मीठे पानी की छबील लगाई। युवाओं ने राहगीरों के अलावा वाहन चालकों को रोक-रोक कर पानी पिलाया। मीठे पानी के लिए पहले मंकी सेवा ग्रुप के सचिन आहूजा, मनोज वधवा, संदीप, शिवम, योगेश, हिमांशु, नीता, मयूर, कार्तिक, अमन, यश, रितिक, मनित, कृष्णा, हरिओम, रमन, अरमान सहित कई छोटे-छोटे बच्चों अपनी जेब खर्च से रुपये इक_ किए और मीठे पानी की छबील के लिए सामान इक_ा किया और फिर पूरी तन्मयता से मीठा पानी बनाया। सभी बच्चों और युवाओं ने इसमें सहयोग दिया। मनोज वधवा ने कहा कि समाजसेवा केवल पानी पिलाने तक सीमित नही है बल्कि संपूर्ण समाज को यह सीख देता है कि हमें हमेशा दूसरों की सहायता के लिए हर पल तत्पर रहना चाहिए। हमें एक-दूसरे के अंदर सहयोग की भावना को जगाना है, इसी उद्देश्य को लेकर युवाओं ने मीठे पानी की छबील लगाने की सोची ताकि समाज में नैतिक मूल्यों को विकसित किया जा सके और युवाओं के अंदर सद्भावना की प्रेरणा जागृत हो। मीठे पानी पिलाने के दौरान सभी युवा प्लास्टिक के गिलास भी इकट्ठा करते रहे ताकि प्रदूषण न फैले।



### दादा खेड़ा के प्रताप से सभी प्रकार के विकार आबादी से हो जाते है दूर : महंत धर्मनाथ

**पूंडरी।** पुंडरी पाई गेट द्वारा नगर खेड़ा (दादा खेड़ा) पर महंत बाबा श्री धर्मनाथ जी के पावन सानिध्य में हवन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबा धर्मनाथ ने सभी भक्तजनों को अपना आशीर्वाद दिया । इससे पूर्व पंडित रवि दत्त शास्त्री द्वारा हवन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। पंडित रवि दत्त शास्त्री ने कहा कि जब कोई ग्राम-डेरा या शहर बसता है तो सर्वप्रथम खेड़ा बनाकर उसकी पूजा की जाती है। इसके बाद ग्राम व शहर आबाद होते हैं। महंत बाबा धर्मनाथ ने कहा की दादा खेड़ा के प्रताप से सभी प्रकार के विकार आबादी से दूर हो जाते हैं और किसी प्रकार की शैतानी ताकत लोगों को छू नहीं सकती। दादा खेड़ा, ग्राम खेड़ा, नगर खेड़ा की पूजा नगरवासियों, गांववासियों के लिए एक श्रेष्ठ पूजा का स्थान रखती है। क्योंकि दादा खेड़ा को हम सब श्रद्धा भक्ति से पूजते हैं जिसके कारण वे हमारे परिवार एवं समाज के रक्षक के रूप में स्थापित हैं। किसी भी शुभ कार्य को करने से पूर्व श्रेष्ठ देवियों के साथ-साथ दादा खेड़ा की पूजा भी हम बड़ी श्रद्धा भाव से करते हैं। जिससे हमें आत्म शक्ति होती है। और हम अपने कार्य को सकुशल अंजाम दे पाते हैं।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने लंबित मांगों को पूरा करने की उठाई आवाज

**सीवन।** सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की मासिक बैठक का आयोजन नंदलाल रहेजा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन बाबूराम गुप्ता ने किया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्ण सिंह ने कहा कि सरकार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि 70 तथा 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनभोगियों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए, ताकि बढ़ती महंगाई के दौर में उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। बैठक में बाबूराम गुप्ता ने कहा कि मार्च 2025 में केंद्र सरकार द्वारा पारित वित्त विधेयक को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों में चिंता का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1983 में अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में पेंशनभोगियों के अधिकारों की रक्षा को आवश्यक बताया था। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए।


सीवन। बैठक में भाग लेते सेवानिवृत्त कर्मचारी।



### एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से भाजपा कर रही वोट चोरी : चौधरी बिरेंद्र

**उचाना।** हरियाणा में चल रही एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा योजनाबद्ध तरीके से वोटों की चोरी कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की व्यवस्था परिवर्तन की सोच अब वोटों की व्यवस्था बदलने तक पहुंच गई है। आरजीएम उचाना में पत्रकार वार्ता में बीरेंद्र सिंह ने कहा कि केवल ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि वोटर लिस्ट में ही हेरफेर होगी तो चुनाव ईवीएम से हों या बैलेट पेपर से, लोकतंत्र प्रभावित होगा। यह लड़ाई देश के लोकतंत्र की रक्षा और उसे मजबूत बनाने की है। कांग्रेस पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि यदि इसी व्यवस्था के तहत चुनाव कराए गए तो जनता के साथ बड़ा धोखा होगा। उन्होंने दावा किया कि जहां-जहां एसआईआर लागू हुई है, वहां अनियमितताएं सामने आई हैं। पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां 27 लाख वोट काटे गए। वोट का अधिकार किसी से पांच साल के लिए नहीं छीना जा सकता।

### उचाना के भव्य कवि सम्मेलन में गूंजी साहित्य की स्वर लहरियां

**उचाना।** उचाना ब्राह्मण धर्मशाला में पंडित नेकीराम विचार मंच के अध्यक्ष रघुवीर सरपंच की अध्यक्षता में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्राह्मण सभा चौबीसी के प्रधान अनिल शर्मा के पुत्र गोविंद अत्री ने शिरकत की। मंच संचालन शीशपाल शास्त्री, मा. रामप्रसाद ने किया। कवि सम्मेलन में 17 साहित्यकारों ने अपनी-अपनी रचनाओं का प्रभावशाली काव्य पाठ किया। प्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवि नरेंद्र अत्री संतोषी ने कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों पर आधारित अपनी हरियाणवी हास्य-व्यंग्य कविता देखा मुंह बाएं बाट, म्हारे सगाई आला ना आया रे प्रस्तुत कर श्रोताओं को खूब हंसाया और साथ ही समाज को गंभीर संदेश भी दिया। साहित्य से भी संगठन उचाना के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों ने भाग लेकर कविताओं का आनंद लिया। संस्था के अध्यक्ष प्रो. जगबीर दुहन ने सभी कवि-कवयित्रियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।


उचाना। कवि सम्मेलन में पहुंचे कवि को सम्मानित करते हुए।

# गंदगी फैलाने के जिम्मेदार हम : सेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। अभियान के दौरान मौजूद संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट आर्फ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने बत्तख चौक से सफीदों गेट रानी तालाब एरिया तक स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा ये 471वां अभियान संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते हुए लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया। संस्था के सदस्यों ने लोगों को कहा कि गंदगी फैलाने के हम ही जिम्मेदार हैं। क्योंकि हम डस्टबिन का प्रयोग करने की आदत ही नहीं अपना रहे हैं। जब तक हम डस्टबिन का प्रयोग करने की आदत नहीं अपनाएंगे स्वच्छता किसी भी रूप में नहीं रह सकती। इस जिम्मेदारी को सभी ने मन से निभाना चाहिए। हर आदमी ने हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में ही डालना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## ईंट भट्ठों, हैचरियों व दूरस्थ क्षेत्रों में चलाया सघन प्लस पोलियो अभियान

# पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाएं : डॉ. सुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बच्चों को पोलियो खुराक पिलाते हुए राजन चिल्लाना। फोटो : हरिभूमि

जिलाभर में रविवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने

बच्चों को दो बूंद पोलियो खुराक पिला कर तीन दिन तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि अपने पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिला कर अपने बच्चों को इस भयानक बीमारी से बचाने का कार्य करें। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा छोटे बच्चों को को पोलियों का खुराक पिला कर स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने का आह्वान किया। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला व उप सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि पहले दिन बूथ पर तथा दूसरे और तीसरे दिन टीमें घर-घर पर पोलियो ड्रॉप पिलाने का काम करेंगी। अभियान के अंतर्गत जिला में 812 बूथों बनाए गए हैं। जिन पर 0 से 5 वर्ष तक के लगभग एक लाख 38 हजार 44 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त अति संवेदनशील एरिया जैसे झुग्गी झोपड़ी, भट्टे, निर्माणाधीन भवनों इत्यादि पर बच्चों पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 85 मोबाइल टीम लगाई गई हैं तथा बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर भी पोलियो रोधी दवा पिलाने के टीमें लगाई गई हैं। अभियान 30 जून तक चलेगा।

### घर-घर जाकरी की जाएगी निगरानी

इस अभियान में पांच साल की उम्र तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। बूथ पर पोलियो की दवा देने के बाद अगले दो दिनों में घर-घर जाकर निगरानी (मॉप-अप राउंड) की जाएगी, जिससे बूथों पर छूटे हुए बच्चों की पहचान की जा सके और उनको पोलियो की खुराक दी जा सके। बस टर्मिनलों, रेलवे स्टेशनों, ईंट भट्ठों, स्लम एरिया, कारखानों, हैचरी और गांव से दूर खेतों में रहा रहे परिवार के लिए टीम बनाई गई हैं। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी बच्चा इस जीवन रक्षक खुराक से चूक न जाए। वहीं स्वास्थ्य टीम ने इन क्षेत्रों में मिले लोगों को इस दवा के महत्व बारे समझाते हुए बताया कि यह एक भयंकर बीमारी है व यह माता-पिता को सुनिश्चित करना है कि आपका बच्चा अपने पैरों पर चले। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका है लेकिन पोलियो के केस पड़ोसी देशों में निकल रहे हैं। इस कारण हमारे देश में पोलियो का खतरा बना रहता है। पूरा विश्व अभी पोलियो मुक्त नहीं हुआ है। इसलिए इस बारे जागरूक नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए बच्चों को दवा की दो बूंदे जरूर पिलवाएं।